महाराणा प्रताप महाविद्यालय
30-5-25
ग्रन्थागार
जंगल धूसड़, गोरखपुर

# HND 308

## B.A. VIth SEMESTER EXAMINATION, 2024-25

## HINDI

## Loksahitya Evam Loksanskriti (Dvitiya)

## (CBCS Mode)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date(तिथि) : ________________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**5459**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures) :

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ______________________

Roll No. (In Words) : ______________________

**Time : 1:30 Hrs.**
**समय : 1:30 घण्टे**

**Max. Marks : 75**
**अधिकतम अंक : 75**

**नोट :पुस्तिका में 50 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. 'भोजपुरी लोकगीत' का दो भागों में संपादन किया है –

(A) डॉ० सत्येन्द्र ने

(B) डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय ने

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. भोजपुरी भाषा का इतिहास प्रारंभ होता है –

(A) छठीं शताब्दी से

(B) सातवीं शताब्दी से

(C) नवीं शताब्दी से

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

3. भोजपुरी साहित्य का पहला उपन्यास है –

(A) सिंदूर

(B) बिंदिया

(C) सतरंगा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

4. निम्न में से कौन उत्तर प्रदेश का लोक नाट्य है –

(A) नौटंकी

(B) रासलीला

(C) रामलीला

(D) उपर्युक्त सभी

5. भोजपुरी लोक संस्कृति की विशेषता है –

(A) खान–पान

(B) वेश–भूषा

(C) तीज त्योहार

(D) उपर्युक्त सभी

6. भोजपुरी बोली है –

(A) पूर्वी हिन्दी की

(B) बिहारी हिन्दी की

(C) पश्चिमी हिन्दी की

(D) उपर्युक्त सभी

7. 'भोजपुरी माटी' पत्रिका प्रकाशित होती है –

(A) पटना से

(B) बक्सर से

(C) कलकत्ता से

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

8. कौन सा सुमेलित नहीं है –

(A) भिखारी ठाकुर – विदेशिया

(B) चौक पूरना – लोक कला

(C) भवाई – लोक नाट्य

(D) ढोला मारू रा दुहा – लोक नृत्य

9. भोजपुरी भाषा में विशिष्ट योगदान के लिए किसे 'बिहार रत्न' से विभूषित किया गया –

(A) गोरख पाण्डेय को

(B) भोलानाथ गदमरी को

(C) भिखारी ठाकुर को

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

10. 'अछूत की शिकायत' कविता है –

(A) बुलाकी दास की

(B) दूधनाथ की

(C) हीराडोम की

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

11. "कौन ठगवा नगरिय लूटल हो" पंक्ति है –

(A) सूर की

(B) कबीर की

(C) तुलसी की

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

12. भोजपुरी को मल्ली तथा काशिका दो नाम दिये हैं –

(A) आचार्य हवलदार त्रिपाठी ने

(B) राहुल सांकृत्यायन ने

(C) डॉ० ग्रियर्सन ने

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

13. निम्न में से कौन सा कथन सत्य है –

(A) शिष्ट संस्कृति अभिजात वर्ग की संस्कृति है

(B) लोक संस्कृति जन साधारण की संस्कृति है

(C) लोक संस्कृति शिष्ट संस्कृति की सहायक

(D) उपर्युक्त सभी

14. लोकगाथा की विशेषता नहीं है –

(A) आंचलिक प्रभाव

(B) मौखिक परंपरा

(C) प्रमाणिक पाठ का अभाव

(D) ज्ञात रचयिता

15. आमतौर पर लोककथाओं और संस्कृति की खोज की जाती है –

(A) समाजशास्त्र में

(B) इतिहास में

(C) मानव विज्ञान में

(D) भूगोल में

16. "लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इण्डिया" नामक ग्रंथ है –

(A) डॉ० जार्ज ग्रियर्सन का

(B) आर०सी० टेंपुल का

(C) विलियम क्रूक का

(D) इनमें से कोई नहीं

17. 'पृथ्वी पुत्र' नामक रचना है –

(A) डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय की

(B) पं० ब्रजमोहन व्यास की

(C) डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल की

(D) इनमें से कोई नहीं

18. अखिल भारतीय लोक सस्कृति का प्रथम अधिवेशन हुआ –

(A) बनारस में

(B) गया में

(C) प्रयाग में

(D) इनमें से कोई नहीं

19. 'भारतीय लोक संस्कृति शोध संस्थान' की स्थापना हुई –

(A) 1950 में

(B) 1952 में

(C) 1955 में

(D) 1958 में

20. 'बेला फूले आधी रात' रचना है –

(A) गोकुल दास की

(B) देवेन्द्र सत्यार्थी की

(C) पं० रामनरेश त्रिपाठी की

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

21. पारंपरिक कलाओं में 'भारूड' का सम्बन्ध है –

(A) महाराष्ट्र से

(B) राजस्थान से

(C) गुजरात से

(D) गोवा से

22. लोक नाट्यों में सबसे पुरानी कला है –

(A) किर्तनियां

(B) स्वांग

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

23. भोजपुरी में किस लोकगीत का अधिक प्रचार हुआ –

(A) साँवरिया

(B) भोजपुरिया

(C) विदेशिया

(D) झारखंडिया

24. 'लोक साहित्य की भूमिका' पुस्तक है –

(A) कृष्णदेव उपाध्याय की

(B) श्रीधर मिश्र की

(C) श्रीराम शर्मा की

(D) उषा सक्सेना की

25. भारतीय लोक साहित्य के अध्ययन का सूत्रपात किया –

(A) अंग्रेजों ने

(B) भारतीयों ने

(C) फ्रांसीसियों ने

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

26. 'कजरी' लोकगीत गाने का प्रचलन किस माह में है –

(A) सावन

(B) भाद्र

(C) कुआर

(D) कार्तिक

27. लोकगीत में प्रधानता है –

(A) ईश्वर की

(B) जनता की

(C) प्रकृति की

(D) महाराजाओं की

28. विद्यापति द्वारा रचित 'पदावली' किस बोली में है –

(A) अवधी

(B) मैथिली

(C) कश्मीरी

(D) संथाली

29. जब कोई बोली या भाषा व्याकरणिक ढाँचे में ढलकर व्यवस्थित रूप ग्रहण करती है, उसे कहते हैं –

(A) क्षेत्रीय भाषा

(B) राजभाषा

(C) परिनिष्ठत भाषा

(D) राष्ट्रभाषा

30. 'लोकोक्ति' शब्द बना है –

(A) लोक + ओक्ति से

(B) लोक + उक्ति से

(C) लोक + युक्ति से

(D) लोक + उक्ति से

31. मध्यप्रदेश की जंगली जातियों की लोकवार्ता एवं लोक साहित्य को संकलित कर प्रकाशित कराया था –

(A) गार्सा द तासी ने

(B) डॉल्टन ने

(C) सर रिचर्ड टैम्पुल ने

(D) विलियम कुक ने

32. भोजपुरी का केन्द्र है –

(A) दिल्ली

(B) भोजपुर

(C) मुरादाबाद

(D) बिजनौर

33. आदिकाल में भोजपुरी में रचना करने वाले कवि हैं –

(A) विद्यापति

(B) गोरखनाथ

(C) चौरंगी नाथ

(D) कबीर

34. लोक साहित्य का प्रारम्भ माना जाता है –

(A) मानव के आदिम जीवन से

(B) मानव के वर्तमान जीवन से

(C) लोगों के संस्कृति से

(D) व्यक्ति के व्यक्तित्व से

35. लोक गाथा, लोक कथा का एक रूप है –

(A) लघु

(B) कृत्रिम

(C) संगठित

(D) विस्तृत

36. भोजपुरी का शेक्सपियर कहा जाता है –

(A) राहुल सांकृत्यायन को

(B) भिखारी ठाकुर को

(C) मोतीराम बी० ए० को

(D) मनोरंजन सिन्हा को

37. 'बिदेशिया' लोक नाट्य के रचनाकार हैं –

(A) गोरखनाथ

(B) मोती बी० ए०

(C) भिखारी ठाकुर

(D) कृष्णदेव उपाध्याय

38. 'मेहरारून के दुरदशा' भोजपुरी नाटक के लेखक हैं –

(A) उदय नरायन तिवारी

(B) कृष्णदेव उपाध्याय

(C) राहुल सांकृत्यायन

(D) भिखारी ठाकुर

39. निम्नांकित में से किसे 'पूरबी सम्राट' कहा जाता है –

(A) भिखारी ठाकुर को

(B) महेन्दर मिसिर को

(C) मोती बी० ए० को

(D) मनोरंजन सिन्हा को

40. भोजपुरी साहित्य का सीधा सम्बन्ध है –

(A) लोक से

(B) वेद से

(C) पुराणों से

(D) संस्कृति से

41. भोजपुरी साहित्य किस परम्परा से पीढ़ी–दर–पीढ़ी प्राप्त होता रहा है –

(A) लिखित

(B) मौखिक

(C) सांकेतिक

(D) इनमें से कोई नहीं

42. निम्नांकित में से श्रम सम्बन्धी गीत है –

(A) मुंडन गीत

(B) कजरी

(C) चैता

(D) जंतसार

43. निम्नांकित में से ऋतु सम्बन्धी गीत नहीं है –

(A) कजरी

(B) चैता

(C) सोहर

(D) फाग

44. 'लोक राष्ट्र का अमर स्वरूप है' / कहा है –

(A) वासुदेव शरण अग्रवाल ने

(B) हरिऔध ने

(C) जयशंकर प्रसाद ने

(D) महादेवी वर्मा ने

45. संस्कृति के 'मुँह बोलते चित्र हैं' यह कहा गया है –

(A) लोककथा के लिए

(B) लोकगीत के लिए

(C) लोकगाथा के लिए

(D) उपर्युक्त सभी के लिए

46. "रेलिया बैरन पिया के लिए जाय रे" प्रस्तुत पंक्ति है –

(A) हिन्दी लोकगीत की

(B) भोजपुरी लोकगीत की

(C) मैथिली लोकगीत की

(D) अवधी लोकगीत की

47. भोजपुरी बोली की विशिष्टता है –

(A) ओकार बहुला

(B) आकार बहुला

(C) इकार बहुला

(D) उदासीन आकार बहुला

48. 'एनल्स एण्ड एण्टिक्विटीज आफ राजस्थान' नामक ग्रन्थ के लेखक हैं –

(A) कर्नल टोड

(B) जार्ज ग्रियर्सन

(C) विलियम केरे

(D) गार्सा दी तासी

49. निम्न में से कौन समकालीन भोजपुरी साहित्यकार है –

(A) गोरख पाण्डेय

(B) रामजियावन दास बावला

(C) जगदीश ओझा 'सुन्दर'

(D) उपर्युक्त सभी

50. भोजपुरी लोक साहित्य की विधा नहीं है –

(A) लोक गीत

(B) लोक कथा

(C) लोक नाट्य

(D) आत्म कथा

*****